


नवभारत

इंदौर, शनिवार, 18 जुलाई 2026

10


## एक नजर में

### पीआईसी बैठक में 528 प्रकरणों को मिली मंजूरी, भवन-भूखंड नामांतरण सहित अन्य मामलों पर चर्चा

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर की पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) की बैठक शुक्रवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नागरिकों से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कुल 528 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में प्रस्तुत प्रकरणों में मुख्य रूप से भवन एवं भूखंडों के नामांतरण सहित अन्य प्रशासनिक एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामले शामिल थे। पीआईसी सदस्यों ने सभी प्रकरणों का बारीकी से परीक्षण कर नियमानुसार विचार-विमर्श के बाद मंजूरी प्रदान की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि नगर पालिका द्वारा नागरिकों से जुड़े प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में नपा सभापति सत्यनारायण भांभी, निलेश जैन, रमेश ग्वाला, श्रीमती कौशल्या बंधवार, श्रीमती निर्मला चंदवानी, श्रीमती दीपमाला मकवाना, श्रीमती शांति फरक्या सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेमकुमार सुमन उपस्थित रहे।

### वयोवृद्ध मुनि 108 श्री शुद्ध सागर जी महाराज सहित पूज्य माताजी का चातुर्मास मंदसौर में

**मंदसौर।** परम पूज्य आचार्य भगवंत 108 सुनील सागर जी महाराज के पावन एवं मंगल आशीर्वाद से श्री शांतिनाथ जी तीर्थ क्षेत्र में विराजित वयोवृद्ध मुनि 108 श्री शुद्ध सागर जी महाराज तथा आर्यिका 105 श्री शुद्धमति माता जी, 105 श्री अजितमति माता जी एवं 105 सूमोज्ञमति माताजी के इस वर्ष मंदसौर नगर में ऐतिहासिक चातुर्मास का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुनियों का ससंघ मंदसौर नगर में मंगल प्रवेश 19 जुलाई को प्रात: 8 बजे महावीर जिनालय जनकूपुरा से होगा। इस दौरान भव्य चलसमारोह निकलेगा जो आचार्य सन्मति कुंज संत निवास नाकोड़ा नगर पहुंचेगा। पूज्य गुरुदेवों के इस पावन वर्षायोग को भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय (तार बंगला मंदिर जी) पर सकल दिगंबर जैन समाज एवं श्री दिगंबर जैन मुनि सेवा समिति की एक अत्यंत आवश्यक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उपस्थित सभी समाज जनों ने पूज्य मुनि श्री एवं आर्यिका माताओं के चातुर्मास को लेकर अपने-अपने अमूल्य सुझाव और मार्गदर्शन समिति के समक्ष रखे। चर्चा के दौरान चातुर्मास अवधि में आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, आहार चर्या व्यवस्था, स्वाध्याय, प्रवचन सत्रों तथा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई। । सकल दिगंबर जैन समाज मंदसौर के अध्यक्ष एवं मुनि सेवा समिति के पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पूज्य गुरुदेवों का मंदसौर की धरा पर चातुर्मास होना समूचे नगर के लिए अत्यंत पुण्य का विषय है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग और सहभागिता से इस आयोजन को अत्यंत भव्य एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराया जाएगा, जिससे जिन शासन की प्रभावना में निरंतर अभिवृद्धि होगी। बैठक में सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष अरविन्द मेहता, समाज के वरिष्ठ शांतिलाल बड़जात्या, नन्दकिशोर अग्रवाल, राजमल गर्ग, जयकुमार बड़जात्या, पं. अरविन्द जैन, डॉ. एस.एम. जैन, मनीष सेठी, अजय बाकलीवाल, अभय मादावत, राकेश दोशी, उमेश जैन भड़का, सुमतिलाल जैन, दीपक भूता, महिला मण्डल की सिम्पल सेठी, साक्षी जैन, नीलू पाटनी, तपस्या सेवा ग्रुप के संजय दोशी, अमित गोदावत, संजय कोठारी, अमित शाह, विनोद जैन, संदीप जैन, अमित सेठ रंगीला, दिव्यम जुआं, मुकेश जैन, राहुल जैन, अनिकेत जैन, सोम्यराज जैन, अर्पण जैन, कीर्ति सेठी, पलवेश जैन सहित नगर के समस्त जिनालयों के अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी, दिगंबर जैन समाज के विभिन्न घटकों, युवा मंडलों, महिला मंडलों तथा सामाजिक समूहों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।

## आचार्यश्री अशोक सागर सूरिश्वरजी का जैन दादावाड़ी में आगमन

**मंदसौर। आचार्य अशोकसागर सूरिश्वरजी म.सा. एवं उनके साथ मंदसौर पधारे 4 अन्य जैन आचार्य एवं साधु-साध्वियों का शुक्रवार को खानपुरा स्थित श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर खानपुरा (जैन दादावाड़ी) में आगमन हुआ। उनके आगमन पर खानपुरा श्रीसंघ ने भव्य अगवानी की।**

आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में विशाल धर्मसभा (प्रवचन) का यहां आयोजन किया गया। प्रवचन के उपरांत संजय शैतानमल मुरड़िया परिवार, दरयावलसिंह गजेंद्र लोढा परिवार व लक्ष्मीलाल मारू परिवार के द्वारा प्रभावना का भी वितरण किया गया। धर्मसभा में आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहा कि जीवन में दु:खों, असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। बार-बार असफल होने पर भी कोई भी व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सकता है। अमेरिका में हुए कई चुनावों में अब्राहम लिंकन असफल हुए लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और वे पूरी लगन के साथ अपनी सफलता का प्रयत्न करते रहे और वे इसमें सफल रहे। इसलिए जीवन में असफलताओं से तनाव में नहीं आवे।

संतों से प्रेरणा लो, अभावों में भी खुश रहो - आचार्य श्री ने कहा कि जैन संत प्रेरणा के स्त्रोत हैं। जैन संतों के पास कोई बैंक बैलेंस नहीं होता, घर गृहस्थी नहीं होती, पत्नी बच्चे नहीं होते, इसके बावजूद भी वे प्रसन्न रहते हैं। इसका कारण है कि जीवन में अभावों में भी खुश रहना हमें आना चाहिए। जीवन में जो व्यक्ति अभावों में खुश रहना सीख जाता है उसे कोई दुख दुखी नहीं कर सकता।

> **दुख के एहसास को जीतो**
>
> आचार्य श्री सागरचन्द्रसागरजी म.सा. ने कहा कि जीवन में सुख दुख आते रहते हैं। जीवन मिला है तो दुख भी आयेगा। हमें दुख को नहीं दुख के एहसास को जीतना होगा। दुख का एहसास को जीत लेंगे तो दुख को जीत लेंगे। जीवन में दुख आने पर अपने से ज्यादा दुखी व्यक्ति का चिंतन करें।
>
> प्रवर्तक श्री धैर्यचन्द्रसागरजी म.सा. ने कहा कि जीवन में हम भौतिकवाद का नहीं बल्कि धर्म का महत्व समझें। हम किसलिये और किसके लिये इतनी भागदौड़ कर रहे हैं, जरा विचार करें। जीवन में पुण्य की कमी होने अर्थात पापकर्म का उदय होने पर हमें दुख भोगना पड़ता है, इसलिए जीवन में पापकर्म करने से बचें। आज नयापुरा जैन दादावाड़ी में प्रवचन होंगे - आज दिनांक 18 जुलाई शनिवार को प्रात: 9 से 10 बजे तक नयापुरा रोड स्थित जैन दादावाड़ी परिसर में आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वरजी म.सा. के प्रवचन होंगे; धर्मालुजन धर्मलाभ लें।

## डेढ़ साल से लंबित एससी एसटी अत्याचार राहत राशि पर किसान नेता का सरकार पर हमला

**पिपलियामंडी।** किसान नेता जोकचंद ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत पीड़ितों को मिलने वाली राहत राशि के भुगतान में हो रही देरी को लेकर सरकार और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मंदसौर जिले में इस अधिनियम के अंतर्गत ?1 करोड़ 22 लाख 25 हजार की राहत राशि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से लंबित है, जिससे पीड़ित परिवार आर्थिक सहायता के लिए भटकने को मजबूर हैं।

जोकचंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर मांग की है कि मंदसौर सहित देशभर में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर पात्र पीड़ितों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि संविधान और एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम का उद्देश्य पीड़ितों को त्वरित आर्थिक सहायता देकर उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना है, । किसान नेता ने कहा कि यदि अकेले मंदसौर जिले में ही इतनी बड़ी राशि लंबित है, तो प्रदेश और देशभर में लंबित भुगतान की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस संबंध में श्यामलाल जोकचंद ने बुधवार को आदिम जाति कल्याण विभाग, मंदसौर पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा अ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो पीड़ित परिवारों के साथ व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अहम बैठक, कर्मचारियों की समस्याओं और आगामी रणनीति पर चर्चा

**मन्दसौर। म.प्र. विद्युत फेडरेशन( इंटक ) के प्रांतीय पदाधिकारियों ने इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जी संजीवा रेड्डी के साथ बैठक इंटक मुख्यालय नई दिल्ली में संपन्न हुई।**

बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए ऊर्जा क्षेत्र के संविदा कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मी, कंपनी कर्मचारी कि वेतन विसंगतियों को दूर करने, वर्किंग कंडीशन में सुधार करने पर चर्चा करते हुए आगामी रणनीति पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष श्री बी डी गौतम भोपाल, प्रांतीय महामंत्री श्री डी एस चंद्रावत मंदसौर, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री कमलेश श्रीवास्तव झाबुआ, प्रांतीय संगठन सचिव श्री के के पुरोहित महेश्वर, श्री योगेश डोंगरे खंडवा, आर आर पाराशर सागर, अतिन्द्र मोहन वर्मा खरगोन, राजेंद्र सिंह चौहान धार, प्रेम रावल धार, श्री संजय वोहरा रतलाम, श्री जी के वार्ष्णेय मुरैना, श्री लोकेश पचौरी ग्वालियर, शंकर सिंह तिवारी, सतना, आर पी सिंह बैतूल, श्री संजय सोनी भोपाल, पवनीश चोपड़ा भोपाल, अकबर खान भोपाल, अभय श्रीवास्तव भोपाल, दशरथ सिंह मंडलोई, दीपक पांचाल झाबुआ उपस्थित थे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीसागर नम्बर-3 में साइकिल वितरण कार्यक्रम

**गांधीसागर।** मध्यप्रदेश शासन की छात्र हितैषी योजना के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीसागर नम्बर-3 में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को शुक्रवार, 17 जुलाई को साइकिलों का वितरण किया गया। इसमें 18 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई कार्यक्रम में सरपंच मनीष परिहार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि संजय तिल्लानी, भाजपा नेता धर्मा गुर्जर, शंशाक व्यास एवं पत्रकार पूरन माटा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में जनपद सदस्य प्रतिनिधि संजय तिल्लानी ने कहा कि किसी भी विद्यालय की पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से बनती है। बेहतर परिणाम विद्यालय की नींव को मजबूत करते हैं और इसमें शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सरपंच मनीष परिहार ने कहा कि हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीसागर नम्बर-3 शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहा है। यह उपलब्धि विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और विद्यार्थियों के अनुशासन का परिणाम है। भाजपा नेता धर्मा गुर्जर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे लगन और परिश्रम से अध्ययन कर अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें तथा जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करें। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश वशिष्ठ ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों एवं विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। नई साइकिलें प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। विद्यालय परिवार ने शासन की इस योजना को विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए आभार व्यक्त किया।

## म.प्र. जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत विकासखंड मंदसौर के दलौदा सेक्टर में जिला समन्वयक श्रीमती तृप्ति बैरागी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, पालिया लालमुहा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत देवनारायण मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गई तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलौदा मंडल अध्यक्ष सुमित सेन, जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट, अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शक राधेश्याम शर्मा, जन अभियान परिषद के मेंटर रूपदेव सिंह सिसोदिया तथा सरपंच प्रतिनिधि सुरेश खारोल उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सुमित सेन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से पौधारोपण करने, लगाए गए पौधों का संरक्षण करने तथा समाज हित में स्वैच्छिक सेवा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को स्वैच्छिकता की शपथ भी दिलाई। श्रीमती अर्चना भट्ट ने बताया कि जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 4 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रस्फुटन ग्रामों में स्वैच्छिकता पर्व मनाया जा रहा है। इस अवधि में वृक्षारोपण, स्वैच्छिकता एवं नशा मुक्ति शपथ, स्वच्छता अभियान तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, । रूपदेव सिंह सिसोदिया ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके वृक्ष बनने तक उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सच्ची जिम्मेदारी है।सरपंच प्रतिनिधि सुरेश खारोल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं जनसहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष किशन शर्मा, सचिव कालूसिंह पंवार, समाजसेवी राधेश्याम भाटी, सहायक सचिव मोहन धनगर, महेश धनगर, देवीसिंह, किशोर धनगर, कन्हैयालाल धनगर, समरथ धनगर, रामेश्वर धनगर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।



# नीमच

## एक नजर में

### जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई, पालसोड़ा में खुलवाया गया शासकीय रास्ता



**नीमच।** ग्राम पालसोड़ा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार राजस्व विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शासकीय मार्ग से अतिक्रमण हटाकर आवागमन सुगम कराया। जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पालसोड़ा निवासी श्री राधाकिशन पिता श्री जगन्नाथ लखारा ने शासकीय रास्ता खुलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन एवं पंचनामा की कार्रवाई की तथा सर्वे क्रमांक 2307 तक जाने वाले शासकीय मार्ग से अतिक्रमण हटाकर रास्ता पुन: खुलवाया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा शासकीय मार्ग का निर्बाध उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

### भाजपा किसान मोर्चा जिला नीमच की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री जयपालसिंह चावड़ा के निर्देशानुसार, भाजपा संभाग संगठन प्रभारी श्री सुरेश आर्य, जिला प्रभारी श्री सुभाष पटेल की अनुशंसा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल के अनुमोदन से भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री राजू नागदा (मोड़ी) ने भाजपा किसान मोर्चा जिला नीमच की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। किसान मोर्चा जिला कार्यकारिणी में कन्हैयालाल चारण, हीरालाल धनगर, नवलकृष्ण सुरावत, निर्भयराम राठौर एवं गुड्डू जाट को उपाध्यक्ष, प्रेम कुशवाह एवं सूरजसिंह रतनावत को महामंत्री तथा राजेश पाटीदार, निर्भयराम धाकड़, प्रेमसिंह पंवार, विजेंद्रसिंह बैस एवं मुरली शर्मा को मंत्री बनाया गया है। भरत जाट को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र शर्मा को सह कोषाध्यक्ष, गोपाल शर्मा को कार्यालय मंत्री एवं कमलेश पाटीदार को सह कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार दुष्यंत पुरोहित को मीडिया प्रभारी, अजय शर्मा (सुथार) को सह मीडिया प्रभारी, नवीन जागोटिया एवं प्रवीण सोनी को सोशल मीडिया प्रभारी, राहुल नागदा एवं रोहित कुमावत को सोशल मीडिया सह प्रभारी, संग्रामसिंह को मन की बात प्रभारी तथा अशोक शर्मा को मन की बात सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं सूरजकरण गुर्जर को शासन की योजना प्रचार प्रमुख, राजपालसिंह चुंडावत को सह प्रमुख, पूरणराजसिंह रतनावत को जिला लाभार्थी प्रमुख, देवेन्द्र विजय अहीर को सह प्रमुख, महीपालसिंह को प्राकृतिक खेती प्रमुख, महेश पाटीदार को जैविक खेती प्रमुख तथा सत्यनारायण पाटीदार को नीति एवं शोध प्रमुख का दायित्व दिया गया है।

## 'जी राम जी' योजना कागजों में बेहतर, धरातल पर सिफर

**नीमच।** प्रदेश सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर शुरू की गई 'जी राम जी' योजना जिले में अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी है। योजना लागू होने के बावजूद पंचायतों को आवश्यक बजट नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में नए विकास कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। इससे पंचायतों के करोड़ों रुपए के प्रस्ताव लंबित हैं। मजदूरों को भी बढ़ी हुई मजदूरी एवं अतिरिक्त रोजगार का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**पखवाड़े में भुगतान का प्रावधान, कार्य अबतक प्रारंभ नहीं:** जानकारी के अनुसार एक जुलाई से शुरू की गई इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार, 450 रुपए प्रतिदिन मजदूरी तथा मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही भुगतान में देरी होने पर मुआवजे का भी प्रावधान है। योजना का खर्च केंद्र का 60 प्रतिशत और राज्य सरकार का 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी तय की गई है। हालांकि जिले में वर्ष 2024-25 के मनरेगा कार्य अब भी बड़ी संख्या में लंबित हैं। पंचायतों का कहना है कि वर्ष 2023-24 के करोड़ों रुपए के भुगतान भी बाकी हैं। नई योजनाओं के प्रस्ताव जिला पंचायत को भेजे जा चुके हैं, लेकिन बजट स्वीकृत नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं। अधिकारियों का तर्क है कि पहले पुराने कार्यों और बकाया भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, उसके बाद नई योजना के तहत कार्य प्रारंभ होंगे।

**अबतक योजना पर अमल प्रारंभ नहीं:** ग्राम पंचायतों से जुड़े जानकार बताते हैं कि जी राम जी योजना की घोषणा के अनुसार मजदूरी 300 रुपए से बढ़ाकर 450 रुपए प्रतिदिन करने और रोजगार की अवधि 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने का निर्णय लिया गया था।



> **मजदूरों को करना पड़ा कठिनाइयों का सामना**
>
> जनपद पंचायत नीमच सदस्य कांता अहीर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलाव के तहत पूर्व की मनरेगा व्यवस्था के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। एक जुलाई से इस नई योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले विकास कार्यों का चिन्हांकन कर लिया गया है। दिसंबर 2025 से जून तक पंचायत क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाया। इससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अब कार्य चिन्हित होने के बाद जल्द ही विकास कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

## स्वरोजगार को मिलेगा नया आयाम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिए आवेदन जारी

**नीमच।** मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नीमच जिले के सामान्य, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि इच्छुक आवेदक विनिर्माण, सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के क्षेत्र में अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शासन के पोर्टल https://samast.mponline.gov.in / के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी, 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग का तथा न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र के लिए 50 हजार रुपये से 50 लाख रुपये तक तथा सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 50 हजार रुपये से 25 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना प्रारंभ होने के बाद हितग्राही को ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक ब्याज अनुदान तथा प्रचलित दर के अनुसार ष्टत्नञ्जस्स्ध्र शुल्क का लाभ भी अधिकतम 7 वर्षों तक प्रदान किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए आधार कार्ड, समग्र आईडी, 8वीं की अंकसूची, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, मूल निवासी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो, आयकरदाता संबंधी घोषणा/प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा प्रस्तावित उद्योग, सेवा अथवा व्यवसाय की परियोजना रिपोर्ट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होंगे।

## आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**नीमच।** बघाना थाना क्षेत्र में गुरुवार रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा झांझरवाड़ा और सोनियाना के बीच रात करीब 8:30 बजे हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बघाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार चीताखेड़ा निवासी कन्हैयालाल पिता फूलचंद प्रजापति उम्र 47 वर्ष नीमच स्थित अशोका इलेक्ट्रिकल पर कार्यरत थे। गुरुवार रात रोजाना की तरह काम समाप्त कर अपनी हीरो डिलक्स मोटरसाइकिल (एमपी-44 एमएन-7522) से घर लौट रहे थे। इसी दौरान झांझरवाड़ा और सोनियाना के बीच सामने से आ रही मोटरसाइकिल (एमपी-44 एमएस-4685) से उनकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और कन्हैयालाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में घायल कन्हैयालाल को जिला चिकित्सालय लाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**एक नजर** — आरोप है कि अस्पताल स्टाफ को कई बार सूचना देने पर भी मदद नही मिली

## डिस्चार्ज से पहले थम गई सांसें, जिला अस्पताल में महिला की मौत पर उठे सवाल

**नीमच।** जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई और परिजनों ने पूरे मामले की जांच की मांग की।

जानकारी के अनुसार रामपुरा निवासी ग्यारसी बाई (60), पति माथानाथ योगी, पिछले पांच दिनों से जिला अस्पताल में उपचाररत थीं। परिजनों का कहना है कि महिला को खून की कमी के कारण भर्ती कराया गया था और उपचार के दौरान उन्हें तीन यूनिट ब्लड भी चढ़ाया गया। उनका दावा है कि महिला की हालत में लगातार सुधार हो रहा था और गुरुवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने वाली थी। परिजनों के मुताबिक दोपहर में अचानक महिला की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें चक्कर आने लगे। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ को कई बार सूचना देने के बावजूद तत्काल मदद नहीं मिली। परिजनों का कहना है कि समय रहते उपचार मिलता तो शायद महिला की जान बचाई जा सकती थी। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने अस्पताल परिसर में विरोध जताते हुए डॉक्टरों और स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाए। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और परिजनों को समझाइश दी गई। हालांकि अस्पताल प्रबंधन की ओर से अभी तक आधिकारिक रूप से मौत के कारणों को लेकर कोई विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। अब सभी की नजर अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों के आधिकारिक पक्ष पर टिकी हुई है, ।

